*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# हिंदी विश्वविद्यालय में डिजिटल इंडिया सप्ताह का आयोजन

वर्धा दि. 30 जून 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 01 से 07 जुलाई के दौरान डिजिटल इंडिया सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार ने डिजिटल दृष्टि से सशक्त समाज बनाने की योजना के तहत डिजिटल इंडिया नामक सप्ताह मनाने का निर्णय किया है और विश्वविद्यालय इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। सप्ताह के अंतर्गत 03 जुलाई को डिजिटल इंडिया : चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, 04 जुलाई को 'डिजिटल इंडिया आंदोलन भारतीय समाज को शक्तिशाली बनाएगा' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 07 जुलाई को कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा कार्यक्रम का उदघाटन किया जाएगा तथा डॉ. धनजी प्रसाद द्वारा डिजिटल इंडिया फिल्मों और शैक्षिक पोर्टल का प्रदर्शन किया जाएगा। विश्वविद्यालय में चलायी जा रही विभिन्न डिजिटल सेवाओं की जानकारी कार्यक्रम के संपर्क अधिकारी गिरीश पाण्डेय देंगे। सप्ताह के अंतर्गत 'साइबर सुरक्षा : सावधानियां' पर अंजनी कुमार राय जानकारी प्रदान करेंगे तथा हेमलता गोडबोले द्वारा डिजिटल इंडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। समापन वक्तव्य प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र देंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा की गयी है।

## हिंदी विश्वविद्यालयात डिजिटल इंडिया सप्ताहाचे आयोजन

वर्धा दि. 30 जून 2015: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात 01 ते 07 जुलै दरम्यान डिजिटल इंडिया सप्ताहाचे आयोजन करण्यात आले आहे. भारत सरकारने डिजिटल दृष्टया सशक्त समाज निर्माण करण्यासाठी डिजिटल इंडिया नामक सप्ताह आयोजित करण्याचा निर्णय घेतला असून त्यानुसार विश्वविद्यालयात विविध कार्यक्रमांचे आयोजन करण्यात आले आहे. 03 जुलैला डिजिटल इंडिया : आव्हाने आणि शक्यता विषयावर निबंध स्पर्धा, 04 जुलै रोजी 'डिजिटल इंडिया चळवळ भारतीय समाजाला सशक्त बनविल' या विषयावर वाद-विवाद स्पर्धा घेण्यात येईल. 07 तारखेला कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांचे विशेष व्याख्यान होईल तर डॉ. धनजी प्रसाद हे डिजिटल इंडिया फिल्म आणि शैक्षणिक पोर्टलचे सादरीकरण करतील. विश्वविद्यालयातील डिजिटल सेवांची माहिती कार्यक्रमाचे संपर्क अधिकारी गिरीश पांडे देतील. तसेच 'साइबर सुरक्षा : सावधानता' यावर अंजनी कुमार राय माहिती देतील. हेमलता गोडबोले डिजिटल इंडिया प्रदर्शनाचे आयोजन करतील. समारोपीय भाषण प्रकुलगुरु प्रो. चित्तरंजन मिश्र करतील. या कार्यक्रमांमध्ये मोठया संख्येने सहभागी होण्याचे आवाहन विश्वविद्यालयाने केले आहे.